कुल्लू में मूसलाधार बारिश का कहर। फोटो जर्नलिस्ट : आकिल खान

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने किया जिला किन्नौर का दौरा, बचाव अभियान के साथ आपदा स्तिथि का लिया जायजा

अजीत सिंह नेगी

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज जिला किन्नौर का दौरा किया और जिला में चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान के साथ-साथ आपदा की स्थिति का जायजा लिया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपतहसील टापरी के चोलिंग में सेना के राहत शिविर का भी दौरा किया और सांगला से बचाए गए लोगों का कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने सांगला घाटी से 118 पर्यटकों को सफलतापूर्वक बचाने के लिए जिला प्रशासन और भारतीय सेना के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री का प्रावधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने लाहौल स्पीति जिला के चंद्रताल में फंसे पर्यटकों के बचाव अभियान को चलाने में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों के कड़े प्रयासों से बचाव अभियान में तेजी आई है।इसके उपरान्त, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने क्षेत्र में आपदा

की स्थिति का जायजा लेने के लिए सांगला घाटी का दौरा किया।सांगला घाटी से वापस जाते समय, मुख्यमंत्री ने सांगला से सात और अन्य लोगों को बचाया तथा एयरलिफ्ट किया, जिन्हें शिमला पहुंचाया गया।उन्होंने कहा कि प्रभावितों को तुरंत 1-1 लाख रुपये की राहत राशि दी जाएगी तथा जिन लोगों की जमीन व घर नालों के साथ बने थे उन्हें तबादले में सरकारी भूमि आवंटित करने का विकल्प दिया जाएगा। उन्होंने टोंग-टोंगचे में कंक्रीट की दीवार बनाने के भी निर्देश दिए ताकि भविष्य में कोई नुकसान न हो।इस दौरान मुख्यमंत्री को उपायुक्त किन्नौर तोरूल रवीश ने जिले में आपदा की वर्तमान स्थिति और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और बहाली की स्थिति से अवगत करवाया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 14 जुलाई को बिलासपुर पहुंचेंगे

विजयराज उपाध्याय

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया , बिलासपुर। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा नेताओं से भी प्रदेश में बारिश से हुए नुकसान की स्थिति को लेकर भी चर्चा करेंगे।

यह जानकारी हमीरपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र के भाजपा प्रवक्ता स्वदेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बरसात के मौसम में हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए प्रदेश में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू, मंडी के अलावा अन्य जगह पर हुए नुकसान को लेकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जायजा लेंगे। वहीं, लोगों से भी मुलाकात करेंगे। स्वदेश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने कहा कि दस बजे जेपी नड्डा मंडी में पहुंचेंगे। इसके अलावा पंचवक्तत्रा मंदिर भी जाएंगे। वहीं, करीब सवा 11 बजे मंडी सर्किट हाऊस पहुंचेंगे। इसके अलावा कंगनीधार, भूंतर, कुल्लू जाएंगे। वहीं, जेपी नड्डा लोगों से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को जेपी नड्डा हिमाचल पहुंचेंगे। वहीं, शाम करीब छह बजे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लुहणू स्थित पहुंचेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयपुर के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि जेपी नड्डा का रात्रि ठहराव विजयपुर में होगा। स्वदेश ठाकुर ने बताया कि भाजपा राष्ट्रीय जेपी नड्डा ने समय-समय पर प्रदेश में बरसात के मौसम में बारिश से हुए नुकसान पर नजर रखी हुई थी। ताकि प्रदेश की जनता को किसी तरह की समस्या न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जनता की हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में इससे पहले भी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का अहम योगदान रहा है।

देवता शमशरी महादेव मंदिर मे होगा शिव पूजा कार्यक्रम

चमन शर्मा

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, आनी। आनी सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की पूजा अर्चना, शिव अभिषेक धार्मिक उत्सव मनाया जाता है। आनी के शमशरी महादेव मंदिर शमशर में भगवान शिव का रुद्र अभिषेक शिव पूजा कार्यक्रम 17 जुलाई सोमवार को सुबह 6 बजे से 11 बजे तक होगा। इसके बाद आनी बाजार के ओल्ड बस स्टैंड पर भगवान शिव की भव्य झांकी निकाली जाएगी। आनी बाजार में पूरे दिन खीर का विशाल भंडारा दिया जाएगा। डी जे साउंड पर शिव भोले के भजन गाये जाएंगे। इसमे सेकड़ो श्रद्धालु शामिल होगे। व्यापार मंडल आनी के अध्यक्ष विनोद चंदेल एवं दुर्गा माता मंदिर कमेटी के प्रधान वीरेंद्र मल्होत्रा,किरत राम शर्मा मुल चन्द विष्ट,घन श्याम शर्मा,संजय शर्मा ,लाल सिहं ठाकुर,ललित शर्मा

,गौरव मल्होत्रा,रीकु सुद ,प्रिंस सोनी,भोला दत्त शर्मा, गुलाब ठाकुर,जितेन्द्र गुप्ता, विकास भारद्वाज,हिम संस्कृति संस्था के अध्यक्ष शिवराज शर्मा,छविन्द्र शर्मा,सहित दुर्गा माता मंदिर कमेटी के सदस्यों ने इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

बस स्टैंड कुल्लू में बाढ़ प्रभितों को राहत सामग्री प्रदान की

आकिल खान

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, कुल्लू। मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर ने आज कहा कि प्रदेश सरकार आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों के साथ है सीपीएस आज बस स्टैंड कुल्लू में बाढ़ प्रभितों को राहत सामग्री प्रदान कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। व 2 दिन कुल्लू में बाढ़ से हुए नुकसान के बाद राहत व पुनर्वास के कार्यों की कमान संभाले रहे।इसी कारण बाढ़ से हुये भारी नुक़सान के बावजूद रिकार्ड समय जिले के विभिन्न स्थानों में फंसे पर्यटकों को उनके गन्तव्य तक पहुंचाने में सफलता हासिल की है।

उन्होंने कहा कि मनाली से

अधिकतर पर्यटक अपने गंतव्य पर पहुंच चुके हैं या रवाना हो चुके ।

सीपीएस ने आज लगभग 350 प्रभावितों को राशन,कम्बल,व नगद राशि प्रदान की।उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामशीला,छुरडू, ज्वाणी रोपा, दड़का, व भुट्टी में बाढ़ से हुये नुक़सान का जायजा लिया।तथा प्रभावितो को हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध

आकिल खान

लोकल न्यूज ऑफ इंड़िया, कुल्लू। लोक निर्माण, युवा सेवाएं एव खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज कुल्लू में आपदा प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के दौरे के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं कुल्लू क्षेत्र का दौरा कर उचित दिशा निर्देश जारी किए हैं। उनके सक्षम नेतृत्व में सरकार जल्द विभिन्न व्यवस्थाओं को बहाल करनें में कामयाब होगी। इस दौरान उनके साथ सांसद प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहीं।

मंत्री ने भुंतर, रामशीला, अखाड़ा बाजार, वैली ब्रिज आदि क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न निर्देश जारी किए। उन्होंनें भुंतर में व्यास नदी के

प्राकृतिक बहाव के रास्तो को जल्द दुरुस्त करने और प्रोटेक्शन वॉल लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की विभिन्न सड़कों का लगभग 1200 करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि आपदा के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है और जल्द लोगों को राहत प्रदान की जाएगी।

मंत्री ने कुल्लू में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि आपदा के कारण विभिन्न प्रकार के नुक्सान के लिए उचित बजट के प्रावधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा आपदा प्रभावित मनाली का भी दौरा कर जायजा लिया जाएगा। इसी कड़ी में कल मनीकरण का और इसके पश्चात सैंज जाने का भी उनका कार्यक्रम है।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सैंज सड़क मार्ग को जल्द खोलने के निर्देश भी दिए।

आनी मे सब्ज़ी मंडी निर्माणाधीन का एक करोड़ मे पानी फिरा

चमन शर्मा

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, आनी। आनी के किरण बाजार मे सब्जी मंडी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमे 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है। कांग्रेस कमेटी के महा सचिव सतपाल ठाकुर ने निर्माणाधीन सब्जी मंडी स्थल का दौरा किया। सतपाल ठाकुर ने कहा की भाजपा सरकार ने आनी मे सब्जी मंडी को ऐसा स्थान मे चयनित करके निर्माण शुरु किया है जिसमें एक करोड़ खर्च किया गया है जो बरसात आने पर नदियों ने ध्वस्त कर दिया है। आनी ब्लॉक के बागवान किसानो ने सरकार से ।मांग की है की नदी मे सब्जी मंडी भी निर्माण बंद किया जाए इस सब्जी मंडी को किसी सुरक्षित स्थान पर बनाया ।जाए। जिससे आनी के बागवानो ।किसानो को लाभ होगा। जबकी ।कांग्रेस नेता सतपाल ठाकुर ने कहा की आनी मे दूसरी ।जगह ।सब्जी मंडी का निर्माण किया जाए। अभी आनी ।जलोड़ी नदी इस एक करोड़ पानी मे वह चुका ।है अगर निर्माण कार्य चला ।रहा ।तो 4 करोड़ नदी मे वह सकते है।

इस बारे मे सतपाल ठाकुर ने कहा की मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह को लिखित ।मांग पत्र ।भेजा गया है। इसके ।अलवा आनी से प्रतिनिधि मंडल शिमला जाएगा ओर मुख्यमंत्री से मिलेंगे।

जिसमें 4 करोड़ ।से ।निर्माधीन सब्जी मंडी को दूसरे स्थान पर बदलने की मांग की जाएगी।

समाजसेवी वरिष्ठ नेता एवं पूर्व बीड़ी सी चैयरमेन जंगी लाल नेगी का निधन

चमन शर्मा

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, आनी। आनी जिला कुल्लू आउटर सिराज के समाजसेवी वरिष्ठ नेता एवं पूर्व बीडीसी चैयरमन जंगीलाल नेगी का निधन हो गया। जिससे पूरे आउटर सिराज मे शोक की लहर छा गई है। आनी ब्लॉक की ग्राम पंचायत दलाश विऊंगल के जंगीलाल नेगी का जन्म 1935 मे हूआ था आउटर सिराज की शान माने जाते थे। कॉंग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विकास कार्य मे आगे रहते आये है। 1971 से 1987 तक आनी ब्लॉक की विउंगल पंचायत के प्रधान चुने गए। 1987 से 1992 तक बी डी सी चैयरमेन आनी के पद पर काम किया। जंगीलाल नेगी ने कॉंग्रेस पार्टी मे निष्पक्ष भाव से काम किया है। आनी ब्लॉक के विकास मे जंगीलाल नेगी का अहम रोल रहा है। इसनके परिवार मे 6 बच्चे है जिसमें दयाल सिंह वर्मा सेवानिर्वित बैंक मेनेजर,सत प्रकाश नेगी मेनेजर, डॉक्टर निहाल सिंह,रमेश नेगी,देव कुमारी,वेद प्रकाश शामिल है। समाजसेवी संगठनों ने जंगीलाल नेगी के निधन पर शोक



जताया है। पूर्व बी डी सी चैयरमेन को आनी ब्लॉक मे बेहतरीन विकास के लिए याद रखा जाएगा। जबकी जंगी लाल नेगो ने आनी मुखायलय मे आम जनता के लिए भागमली अस्पताल स्थापित किया गया है। भागमली अस्पताल 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिए सेवा प्रदान कर रहा है।

अजय चौहान को लगातार दूसरी बार मिली लघु उद्योग भारती बरोटीवाला इकाई की कमान

पंकज गोल्डी

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, बद्दी। लघु उद्योग भारती बरोटीवाला इकाई की बैठक बद्दी में बरोटीवाला इकाई के अध्यक्ष अजय चौहान के नेतृत्व में हुई। बैठक में अखिल भारतीय लघु उद्योग के राष्ट्रीय सचिव विक्रम बिंदल, प्रदेश अध्यक्ष हरबंस पटियाल, व महासचिव संजीव शर्मा उपस्थित हुए। बैठक में सबसे पहले पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया व नई कार्यकारिणी का चुनाव भी प्रदेश चुनाव प्रभारी विनोद खन्ना के नेतृत्व में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अजय सिंह चौहान को लगातार दूसरी बार बरोटीवाला इकाई की कमान सौंपी गई वहीं सोमनाथ पाल, नरेंद्र खन्ना, व सरविंद को उपाध्यक्ष, पीयूष शर्मा महासचिव, हमीश मग्गु कैशियर , आशीष अग्रवाल, संजीव शर्मा, सुनील व भारती को सहसचिव व संजीव बस्सी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। हंसानंद झा, एल.बी.यादव, स्वर्ण ङ्कसह, रंजीत, गौरव गोयल व गौतम को बतौर कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय सचिव विक्रम बिंदल जी ने कहा कि संगठन की जिम्मेवारी सिफे अध्यक्ष की ही नहीं बल्कि सभी को अपनी जिम्मेदारियों को एकजुट होकर निभाना चाहिए तभी संगठन आगे बढ़ सकता है। महासचिव संजीव शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से बरोटीवाला इकाई ने एकजुट होकर सदस्यों की संख्या को दोगुना से ज्यादा किया है व साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है वो काबिले तारीफ है। प्रभारी विनोद खन्ना ने कहा कि लघु उद्योग भारती में चुनाव नहीं होते बल्कि सिलेक्शन होती है व संगठन को ईमानदारी से आगे ले जाने वाले लोगों को ही नेतृत्व सौंपे जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष हरबंस पटियाल ने कहा कि लघु उद्योग भारती की सभी इकाइयों के चुनाव करवाए जा रहे हैं व प्रदेश व राष्ट्र स्तर पर लघु उद्योग भारती को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक सप्ताह से हो रही बारिश ने सबसे ज्यादा नुकसान लघु उद्योगों को पहुंचाया व उनकी सरकार से मांग है कि लघु उद्योगों को हुए अरबों के नुकसान की भरपाई के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। नवनियुक्त अध्यक्ष अजय सिंह चौहान , महासचिव पीयूष शर्मा व उपाध्यक्ष सोमनाथ पाल ने कहा कि आज अगर हम बरोटीवाला इकाई की सदस्य संख्या को दोगुना से ज्यादा कर पाए है व उद्योगों के साथ-साथ सामाजिक भागीदारी निभा सके है तो यह उनकी टीम की वजह से ही संभव हो पाया है। इस मौके पर अर्जुन, संदीप गोस्वामी, रंजीत समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

लाखों रुपए का सामान जलकर राख, कामगारों ने भागकर बचाई जान

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, बद्दी। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के बिलांवली में स्थित फ्लोरा इलेक्ट्रिकल एंड मेटल इंडस्ट्रीज मे सुबह ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरे उद्योग में फैल गई। गनीमत यह रही कि उद्योग में सोए हुए लगभग 20 कामगार सुरक्षित बाहर निकल गए। जिनमें से दो कामगार खुद को बचाते हुए घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 5:30 बजे बद्दी दमकल विभाग केंद्र में कुछ लोगों द्वारा आकर सूचना दी गई कि बिलावली में एक उद्योग में आग लग गई है। जिस पर दमकल अधिकारी बद्दी जोगिंदर सिंह अपनी टीम व चार फायर टेंडर को लेकर मौके पर पहुंचे तबतक आग पूरे उद्योग में फैल चुकी थी। जिसके बाद दमकल अधिकारी ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभालते हुए लगभग 7 से 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी में उद्योग में रखा

तैयार व कच्चा माल पूरी तरह से जलकर राख हो गया और वही उद्योग में रह रहे लगभग 20 कामगार भी सुरक्षित निकल गए। जिनमें से कामगार बंटू निवासी कांगड़ा, 34 साल तीसरी मंजिल से रस्सी से उतरते हुए टीन के ऊपर गिर गया जिस से उसकी दायनी टांग नीचे से टूट गई। वही दिनेश निवासी चंबा 42 साल जो की अपने कमरे से निकलते समय गले से थोड़ा झुलसा हुए। दोनों को उपचार के लिए ईएसआईसी हॉस्पिटल काठा ले जाया गया। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

कुल्लू के भुंतर में मूसलाधार बारिश ने सब कुछ तहस नहस कर दिया है ऊपर वाले का ऐसा कहर बरसा की भुंतर चैडीगढ़ रोड व्यास नदी मे तब्दील हो गया ।

फोटो जर्नलिस्ट : आकिल खान

किसान यूनियन ने की मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान की अपील

लोकल न्यूज ऑफ इंडिया, रिवालसर। हिमाचल किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में सभी वर्गों के लोगों से योगदान की अपील की है। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि भारत सरकार सीताराम वर्मा ने कहा है कि हाल ही में तीन दिन तक भीषण बरसात व बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। जिससे सरकार को हाजरों करोड़ का नुकसान हुआ है। आपदा की इस घड़ी में पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए प्रदेश के सभी कर्मचारी व पेंसरो से अपील है कि वह कम से कम अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करें। तथा आपदा की इस दुःखद घड़ी में माननीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उदारता से प्रदेश सरकार को आर्थिक सहयोग प्रदान करें।

IndoStar Home Finance Private Limited

Regd. Office: - Unit No. 305, 3rd Floor, Wing 2-E, Corporate Avenue, Andheri- Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400093
CIN : U65990MH2018PTC271587 **Tel:** +91 22 45107701
Email: contact@indostarhfc.com; **Website:** www.indostarhfc.com

सूचना

मास्टर डायरेक्शन के पैराग्राफ 93 के अनुसार गैर बैंकिंग - वित्तीय कंपनी - हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश 2021 के अनुसार नोटिस दिया गया है कि कंपनी का शाखा कार्यालय बी 27, 28,29-अखिल्य विकास योजना, रावतम प्लाजा, आखलिया सर्कल के पास, चोपासनी रोड, जोधपुर-342001 (राजस्थान) पिन कोड-342001 में स्थित है जो 14 अक्टूबर, 2023 के व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से बंद रहेगा। यदि किसी सहायता की आवश्यकता है, तो आप उपरोक्त बताये गए पते पर निकटतम शाखा से संपर्क करें या contact@indostarhfc.com पर ईमेल भेजें। यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट (www.indostarhfc.com) पर देखी जा सकती है।

इंडोस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
निधि सदानी,
कंपनी सचिव

दिनांक: 13.07.2023